## खण्ड ग

**27.** चायना डिश में रखा सिल्वर क्लोराइड सूर्य के प्रकाश में धूसर हो जाता है ।

(क) चायना डिश में रखे जाते समय सिल्वर क्लोराइड का रंग लिखिए ।

(ख) होने वाली रासायनिक अभिक्रिया के प्रकार का नाम तथा इस अभिक्रिया का रासायनिक समीकरण लिखिए ।

(ग) इस अभिक्रिया का एक उपयोग लिखिए । इसी उद्देश्य के लिए उपयोग किए जाने वाले किसी अन्य रसायन का नाम लिखिए । *3*

**28.** उपयुक्त रासायनिक समीकरणों की सहायता से भर्जन और निस्तापन के बीच दो मुख्य अन्तरों की सूची बनाइए । अयस्क के भर्जन/निस्तापन के पश्चात् प्राप्त उत्पाद से धातु का अपचयन किस प्रकार किया जाता है ? होने वाली अभिक्रिया का रासायनिक समीकरण लिखिए । *3*

**29.** (क) (i) वायवीय श्वसन और अवायवीय श्वसन के समय ग्लूकोज़ के विखण्डन का पहला चरण क्या है ? यह कहाँ होता है ?

(ii) ATP को कोशिका की ऊर्जा मुद्रा कहा जाता है । क्यों ?

(iii) श्वास चक्र के समय "वायु का अवशिष्ट आयतन" किसे कहते हैं ? *3*

**अथवा**

(ख) "प्रकाश-संश्लेषण के लिए सूर्य का प्रकाश आवश्यक है" इस तथ्य के प्रायोगिक सत्यापन के चरणों को क्रमवार लिखिए । *3*

**30.** डरावनी परिस्थितियों में मानवों में मुक्त होने वाले हॉर्मोन का नाम और उस हॉर्मोन को स्रावित करने वाली ग्रंथि का नाम लिखिए । परिस्थिति का सामना कर सकने के लिए शरीर किस प्रकार अनुक्रिया करता है ? *3*

